# स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं का ग्रामीण क्षेत्र में और विस्तार किया जायेगा : गोदारा

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के ढांचागत विकास को मजबूत बनाने तथा आमजन हेतु सुविधाओं को सुदृढ़ करने में राज्य सरकार कोई कसर नहीं रखेगी।

संसाधनों की हर संभव उपलब्ध करवा क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित किया जायेगा। सड़क, बिजली और पानी की सुचारू आपूर्ति के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं का ग्रामीण क्षेत्र में और विस्तार किया जायेगा। गोदारा ने शनिवार को बम्बलू, पनपालसर और गैरसर में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में यह बात कही। बम्बलू में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तीन नए कक्षा कक्षा के लोकार्पण करते हुए मंत्री गोदारा ने कहा कि विद्यालय में नए कक्षा कक्ष निर्मित होने से कक्षाओं के लिए आनुपातिक रूप से कमरों की कमी दूर होगी। हर कक्षा के लिए विद्यार्थियों को अलग से कक्षा कक्ष उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने यहां हरो जी महाराज की बाड़ी स्थित नवनिर्मित ट्यूबवैल का भी लोकार्पण किया। गोदारा ने कहा कि क्षेत्रवासियों पीने का पानी उपलब्ध रहे इस दिशा में कार्य करते हुए इस ट्यूबवैल के कार्य को समय पर पूरा करवाया गया है। अब तक आठ ट्यूबवैल ग्रामीण क्षेत्र में प्रारम्भ करवा दिये गए हैं। उन्होंने यहां आमजन के परिवाद सुने और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देश भी दिए। पनपालसर में नवनिर्मित ट्यूबवैल लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पानी और बिजली की सुविधाओं के लिए नई स्वीकृतियां जारी की गई है। इन कार्यों को शीघ्र पूरा करवा दिया जायेगा। पनपालसर में इस ट्यूबवैल के निर्मित होने से ग्राम वासियों को लम्बे समय से हो रही पेयजल आपूर्ति में परेशानी की समस्या से भी निजात मिलेगी। गोदारा ने कहा कि गुणवत्ता परक बिजली आपूर्ति के लिए भी नए जीएसएस स्वीकृत करवाए गए हैं। इन्हें समय पर पूरा करवाते हुए आमजन को राहत दी जायेगी।


खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बम्बलू में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तीन नए कक्षा कक्ष के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने युवाओं से शिक्षा के अवसरों का अधिकतम उपयोग करते हुए शिक्षित होने की अपील की और कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने की दिशा में भी अभिनव प्रयत्न किये जा रहे हैं। गोदारा ने कहा कि दूरदराज के क्षेत्र तक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी उपलब्धता बनाने के लिए राज्य सरकार ने बजट में कई ऐतिहासिक पहल की है। समस्त बजट

- **बम्बलू, पनपालसर और गैरसर में विकास कार्यों का लोकार्पण किया, आमजन की समस्याएं भी सुनी**
- **क्षेत्र में सड़क, पानी और बिजली की सुविधाओं के लिए नई स्वीकृतियां जारी की गई**

घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को भी सुनिश्चित किया जायेगा। गोदारा ने गैरसर में भी नवनिर्मित ट्यूबवैल आमजन को समर्पित किया।

इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा मंत्री का साफा पहनकर अभिनंदन किया गया। गांव के सरपंच ने इस कार्य के प्रति मंत्री का आभार प्रकट किया। इस दौरान गोदारा ने आमजन के परिवाद सुने और समस्याओं के त्वरित निस्तारण की बात कही। इस अवसर जनप्रतिनिधियों के साथ , पीएचईडी के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मोबाइल टावरों से चोरी वाले गिरफ्तार

**घड़साना,** (निसं)। सुनसान जगहों पर लगे मोबाइल टावरों से बैटरी और तांबे के वायर सहित अन्य सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को पांच जनों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों ने अलग-अलग गांवों से 9 जगहों पर टावरों से बैटरी और कॉपर वायर चोरी करना कबूल किया है। थाना प्रभारी कलावती चौधरी ने बताया कि क्षेत्रपाल सिंह पुत्र शिवलाल जाति जाट निवासी भरतपुर, हाल नैक्सजेज कंपनी के स्टेट मैनेजर ने एक अगस्त को पुलिस थाना में हाजिर होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

मैनेजर ने बताया कि बीएसएनएल दूर संचार विभाग के अलग-अलग गांवों में लगे मोबाइल टावरों से अज्ञात चोरों ने बैटरी, कापर वायर और अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच एएसआई सज्जन सिंह मीणा को सौंपी थी। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने मुखबिरों और तकनीकी मदद से सुरेश कुमार पुत्र हेतराम जाति बिश्नोई निवासी 3 एमएलके सी जालवाली, दिनेश कुमार जाति जाट निवासी 4 एनएम, भीमसेन पुत्र पूर्णाराम जाति मेघवाल निवासी तीन एमएलके डी, विकास पुत्र राजाराम जाति नाई, निवासी फकीरवाली 32 आरबी, पुलिस थाना घमूड़वाली और रोहिताश निवासी गुंसाईणा, पुलिस थाना महाजन जिला बीकानेर सहित पांचों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## सार-समाचार

### ध्यान दिवस के रूप में मनाया पर्युषण



पर्युषण महापर्व के अंतिम दिन शासन गौरव साध्वी राजीमती ने ध्यान दिवस पर ज्ञान की महत्ता बताई।

**नोखा,** (कासं)। आत्मशुद्धि के लिए ध्यान करना अत्यंत आवश्यक है। यह विचार शनिवार को नोखा के महावीर चौक स्थित तेरापंथ भवन में पर्युषण महापर्व के अंतिम दिन को ध्यान दिवस के अवसर पर, ज्ञान की महत्ता बताते हुए शासन गौरव साध्वी राजीमती ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि किसी भी आध्यात्मिक साधना के लिए ध्यान करना आवश्यक है। ध्यान के माध्यम से ही एकाग्रता, लीनता, और गहराई में जाकर अंतिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। साध्वी प्रभात प्रभा ने सामूहिक रूप से प्रेक्षाध्यान, कायोत्सर्ग और महाप्राण ध्वनि का अभ्यास करवाया। सभा के उपाध्यक्ष लाभचंद छाजेड़ ने जैन भागवती दीक्षा के तीन दिवसीय कार्यक्रम तथा सभा के स्वर्ण जयंती समारोह, जो 14, 15, 16 सितम्बर को आयोजित होगा की विस्तृत जानकारी दी। उत्तराध्ययन सूत्र की 15 वीं प्रतियोगिता की जानकारी इंदरचंद बैद ने साझा करते हुए सम्मिलित होने की प्रेरणा दी। सभा अध्यक्ष शुभकरण चौरडिया और मंत्री मनोज घीया ने संवत्सरी महापर्व पर उपवास, पोषध और तपस्या का आव्हान किया। युवकों, कन्याओं, और भाई-बहनों में तपस्या की विशेष लहर देखी जा रही है और तप के गीतों की गूंज नोखा के जोरावरपूरा में सुनाई दे रही है। रविवार को संवत्सरी महापर्व बड़े उत्साह के साथ त्याग, तप और पोषध के माध्यम से मनाया जायेगा।

### अनूपगढ़ विधायक ने की जनसुनवाई


एक एमडी गांव में ग्रामीणों ने विधायक को वाटर वर्क्स की डिग्गी निर्माण कार्य के अधूरे कार्य को दिखाया।

**अनूपगढ़,** (कासं)। विधायक शिमला नायक ने घड़साना पंचायत समिति के गांव एक एमडी में जनसुनवाई की। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें विभिन्न समस्याएं बताई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में वाटर वर्क्स की डिग्गी का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया था, लेकिन पिछले दिनों निर्माण कार्य को बीच में ही बंद कर दिया गया है। वाटर वर्क्स में पूर्व में बनी डिग्गियां क्षतिग्रस्त होने के कारण इन डिग्गियों में गंदा पानी स्टोरेज हो रहा है और वही पानी घरों में पीने के लिए छोड़ा जा रहा है। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि जलदाय विभाग के द्वारा गांव के वाटर वर्क्स में डिग्गी का निर्माण कार्य करवाया जा रहा था मगर इस कार्य को बीच में ही बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि डिग्गी के लिए गड्ढा खोदा गया है। वह घरों के काफी नजदीक है। गड्ढा खुदा होने के कारण बरसात के दिनों में आसपास बने घरों की दीवारों को भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। ग्रामीणों ने विधायक से डिग्गी का निर्माण कार्य पूरा करवाने और गांव में पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से करवाने की मांग की है। विधायक शिमला नायक ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद मौके पर ही जलदाय विभाग के एसई देवपाल गिरी से फोन पर बात की गई। उन्होंने बताया कि एसई देवपाल गिरी और ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि वाटर वर्क्स परिसर में निर्माणाधीन डिग्गी का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।

### अस्थि रोग चिकित्सकों की कांफ्रेंस

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर आर्थोपेडिक सर्जन सोसायटी के तत्वावधान में रिद्धि-सिद्धि रिसोर्ट में दो दिवसीय मिडटर्न रोजाकोन 2024 का आगाज किया गया। कार्यक्रम की थीम 'जोड़ों के आंतरिक फैक्चर्स' का इलाज रखी गई है। कांफ्रेंस का शुभारंभ सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी ने किया। कार्यक्रम में डॉ अनिता पारीक, रोजा के अध्यक्ष डॉ जसवंत सिंह, नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ रमेश विजय, सचिव डॉ विक्रम शर्मा, डॉ आर. पी. लोहिया मनचस्श थे। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ बी. एल. खजोटिया ने स्वागत करते हुऐ कांफ्रेंस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 27 वर्ष बाद हो रही यह कांफ्रेंस मील का पत्थर साबित होगी। प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी ने कहा किट इस कांफेंस के माध्यम से बीकानेर मेडिकल कॉलेज के ऑर्थोपेडिक्स छात्र नई तकनीकों और अनुभवों का लाभ उठा सकेंगे। शनिवार को 7 सत्रों में भुजाओं, कोहनियों, कलाई, हाथों, कुल्हों, घुटनों, टखनों ,पांवों, बच्चों के जोड़ों के इलाज पर नई तकनीकों पर पत्रवाचन, विचार विमर्श एवं अनुभव साझा किए गए। रविवार को पीजी क्विज, पीजी पेपर एवं पोस्टर प्रस्तुतीकरण होंगे। दोपहर में हड्डियों के इलाज पर कार्यशाला होगी।

## फर्जी फर्म बनाकर 19 करोड़ की जी.एस.टी. चोरी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। आधार और पेन कार्ड को चोरी कर इस पर एक नकली फर्म बनाकर करीब 19 करोड़ रूपए की जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है। इस तरह की गड़बड़ी का यह संभवतया बीकानेर संभाग का पहला ही मामला है।

- **फर्म पीडित के आधार कार्ड और पेन कार्ड चोरी कर रजिस्टर्ड करवाई गई**
- **जबकि पीड़ित को इस बारे में कुछ भी पता नहीं है**

पीड़ित युवक की ओर से हिन्दुमलकोट थाने में परिवाद देकर घटनाक्रम बताया गया है। पुलिस ने पीड़ित की ओर से प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों व साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात फर्म और जीएसटी नंबर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। कोनी चौकी के प्रभारी एएसआई गुरदेवसिंह को मामले की जांच सौंपी गई है।

सीए धीरज लीला ने बताया कि जीएसटी नंबर जारी करने में पहले एक सप्ताह का समय लगता था। विभाग आवेदक के दस्तावेजों का ऑफिस से ही जांच कर एक सप्ताह में जीएसटी नंबर जारी कर देता था। लेकिन इस तरह की गड़बड़ी रोकने को अब विभाग ने फर्म के एड्रेस पर जाकर भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया है। आवेदक से मौके पर सवाल-जवाब और फोटो व दस्तावेजों का मिलान भी किया जा रहा है। इसलिए जीएसटी नंबर जारी करने को अब 30 दिन का समय तय किया है। पीड़ित युवक ने परिवाद में बताया कि अज्ञात आरोपी ने नई वेस्ट दिल्ली के चंद्र विहार, टेंपकॉन निलोथी एक्सटेंशन रोड, प्रिंसिपल पैलेस ऑफ बिजनेस हाउस 91 ए, बिल्डिंग नंबर 27/20/02 के नाम से फर्म का रजिस्ट्रेशन करवाया। यह फर्म 8 अगस्त 2023 को शुरू होकर 31 मार्च 2024 तक वर्किंग में रही। इसके बाद यह जीएसटी रजिस्ट्रेशन कैंसिल करवा दिया गया। यह फर्म पीडित के आधार कार्ड और पेन कार्ड पर रजिस्टर्ड करवाई गई। जबकि पीड़ित को इस बारे में कुछ भी मालूम नहीं है। सीए के पास रिटर्न भरने गया तब इस फर्जी फर्म और ट्रांजेक्शन का चला पता। पीड़ित युवक जगदीपसिंह ने पुलिस को दिए परिवाद में बताया कि जब वह अगस्त माह में अपने सीए के पास रिटर्न दाखिल करवाने गया तो पीड़ित के पेन कार्ड पर सालभर के ट्रांजेक्शन निकाले गए। ट्रांजेक्शन हिस्ट्री सामने आई तो सीए और पीड़ित हैरान रह गए। पीड़ित के दस्तावेजों से बनाई गई फर्म और फिर उस पर 8 माह में ही किए गए 19 से 20 करोड़ के जीएसटी ट्रांजेक्शन का पता चला।

इसके बाद जीएसटी विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तो मुकदमा दर्ज कराने को कहा गया। इस जीएसटी नंबर से बनाई गई फर्म का धातु का कारोबार किया गया है। डिटेल निकालने पर सामने आया कि कॉपर बेस्ट एंड स्वैप एल्युमिनियम बेस्ट एंड स्केप व कॉपर वायर आदि का व्यापार किया गया है।

## जोशी विप्र सेना के तहसील अध्यक्ष मनोनीत

**नोखा,** (कासं)। विप्र सेना बीकानेर देहात की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संभाग प्रभारी पवन सारस्वत ने संभाग अध्यक्ष हरिगोपाल उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सारस्वत, प्रदेश महामंत्री रविन्द्र जाजड़ा की अनुशंसा पर बीकानेर देहात की कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें नोखा के हेमन्त जोशी को नोखा तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया।

लूणकरनसर से शंकरलाल उपाध्याय, कोलायत से कन्हैयालाल सांखी, खाजूवाला से गणेश राजपुरोहित, श्रीडूंगरगढ़ से गोपाल व्यास, अनूपगढ़ से विनोद पारीक को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। जोशी की विप्र समाज में मजबूत पकड़ है और वे समाज के जनपरोपकार से जुड़े कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते हैं। इसके साथ राजनीतिक क्षेत्र से भी जुड़े हैं। जोशी के अध्यक्ष बनने पर पुखराज पंचारिया, कैलाश कठातला, पुखराज सांखी, जितेश पंचारिया, एडवोकेट राजेश पंचारिया, पार्षद प्रमोद पंचारिया, पंकज पंचारिया सहित विप्र सहित अन्य समाज के कई मौजिज लोगों ने बधाई दी है।

## हेरोइन व हथियार सहित तीन युवक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन थाना पुलिस ने 6.76 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई को बाइपास रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास की गई। वहीं रावतसर थाना पुलिस ने धारदार हथियार सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

- **जंक्शन थाना पुलिस ने 6.76 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक को दबोचा**

जंक्शन पुलिस थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि थाना के एसआई गजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम अबोहर-श्रीगंगानगर बाइपास स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास पहुंची तो वहां घूम रहे एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध पाई गई। शक के आधार पर पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6.76 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मौके से अरविन्द्र सिंह (25) पुत्र राजप्रीत सिंह जटसिख निवासी वार्ड दो, चक ज्वालासिंहवाला पीएस टाउन के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच साइबर पुलिस थाना के एसआई सुरेन्द्र मीणा को सौंपी है।

हनुमानगढ़ जिले की रावतसर थाना पुलिस ने धारदार हथियार सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। रावतसर पुलिस थाना प्रभारी वेदपाल शिवराण ने बताया कि थाना के हेड कॉन्स्टेबल महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम ने रावतसर के वार्ड 17 में धारदार कापा लेकर घूम रहे अजीत सिंह (21) पुत्र ओमप्रकाश ओड निवासी वार्ड 17, रावतसर को गिरफ्तार कर कापा बरामद किया।

दूसरी कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल महेन्द्र सिंह ने खेतरपाल मन्दिर के नजदीक कार्रवाई करते हुए अजय (26) पुत्र रोशनलाल बावरी निवासी वार्ड 24, रावतसर को धारदार कापा सहित गिरफ्तार किया।

## सरकारी स्कूल में तालाबंदी और धरना खत्म

**सूरतगढ़,** (कासं)। गांव मालेर के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में तालाबंदी और ग्रामीणों का स्कूल गेट के समक्ष धरना के बाद शनिवार को तीसरे दिन दोपहर के समय ग्रामीणों के बीकानेर पैदल कूच कर दिए जाने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यवाहक प्रिंसिपल भानुप्रिया गहलोत को गांव के स्कूल में स्थायी प्रिंसिपल लगाने के निर्देश देने और ग्रामीणों द्वारा चाही गई जांच में समुचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

ग्रामीणों द्वारा अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार पैदल कूच शुरू करने के साथ ही तहसीलदार हाबूलाल मीणा भी कई किलोमीटर तक उनसे समझाइश करते रहे। मगर ग्रामीणों का पैदल कूच जारी रहा। इस बीच सूरतगढ़ के पूर्व विधायक राजेंद्र भादू और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए तथा स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई।

इसके बाद तहसीलदार हाबूलाल मीणा ने पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों को अवगत करवाया। जिस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कन्हैयालाल सोनगरा और डीएसपी प्रतीक मील सहित श्रीगंगानगर के जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कड़ेल और राजियासर पुलिस का जाप्ता मौके के लिए रवाना हुए।

## बैडमिंटन-कुश्ती प्रतियोगिता

**बीकानेर,** (कासं)। 68वीं जिला स्तरीय विद्यालयी बैडमिंटन और कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार प्रातः 10:30 बजे जवाहर नगर स्थित एलएम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (लोडा मोडा बगीची) में होगा।

राजकीय मोहता मूलचंद उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश गोस्वामी ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास होंगे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-17 और 19 आयु वर्ग की छात्र-छात्राएं तथा कुश्ती में अंडर-14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग की छात्र-छात्राएं भाग लेंगी। बैडमिंटन के मुकाबले एलएम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होंगे।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान गणेश जन्मोत्सव

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन स्थित रिद्धि-सिद्धि विनायक मंदिर में शनिवार को गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष में 11 दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरूआत की गई।

गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित चंदूराम शर्मा ने बताया कि अखंड रामचरित्र मानस व भजन संध्या का आयोजन किया गया। रामचरितमानस पाठ का भोग शनिवार को सुबह 10.15 बजे डाला गया। दोपहर 12 बजे सर्वप्रथम गणेश पूजन, 151 दीपकों से महाआरती एवं सवामणि के महाप्रसाद का भोग लगाया गया। एक बजे भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना की गई।

उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर तक प्रतिदिन प्रातः गणेश पूजन व शाम को 5 से 7 बजे तक महिला मंडली की ओर से बाबा का गुणगान किया जायेगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे महाआरती भी होगी। भगवान गणेश महोत्सव के सफल आयोजन में आमजन व श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं।

हनुमानगढ़ में श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में गणेश चतुर्थी के मौके पर शनिवार को भगवान गणपति की मूर्ति स्थापना की गई। सुबह 11.15 बजे पंडित रतनलाल शास्त्री की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना करवा कर मूर्ति स्थापित करवाई गई। इस मौके पर मुख्य यजमान गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा व एसकेडी के मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश जुनेजा सपत्नीक थे। अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने बताया कि गणेश महोत्सव की शुरुआत आजादी आंदोलन के समय लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की ओर से प्रथम बार की गई थी। उसके बाद से ही महाराष्ट्र सहित पूरे देश भर में भगवान गणेश के प्रति आस्था व उत्साह बढ़ता गया।

# कलेक्टर ने बदलते परिवेश में ऊंटों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जाना

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शनिवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र का अवलोकन किया। केन्द्र के निदेशक डॉ. आर. के. सावल ने उन्हें संस्थान के अनुसंधान कार्यों एवं उपलब्धियों के बारे में बताया।

जिला कलेक्टर ने बदलते परिवेश में ऊंटों की संख्या व उपादेयता पर चर्चा की और इनके संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि यह संस्थान अपना विशेष महत्व रखता है। इसने बीकानेर को नई पहचान दिलाई है। देश और दुनियां के पर्यटक इसका अवलोकन करते हैं। इसके मद्देनजर इसे और अधिक टूरिज्म फ्रेंडली बनाया जाए।

निदेशक डॉ. सावल ने बताया कि वैज्ञानिक शोध में ऊंटनी का दूध मधुमेह, टीबी, ऑटिज्म आदि रोगों के प्रबंधन में लाभदायक पाया गया है। साथ ही अन्य रोगों के निदान के मद्देनजर अनुसंधान किया जा रहा है।


बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने एनआरसीसी का दौरा कर वहां के कार्यों को जाना।

उन्होंने बताया कि केन्द्र के वैज्ञानिकों ने ऊंटनी के दूध से विभिन्न मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार किए हैं। बाजार में इनकी मांग लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र द्वारा उष्ट्र पर्यटन विकास गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक ऊंट पालक प्रेरित हों और इस व्यवसाय के रूप में अपना रोजगार प्राप्त कर सकें। जिला कलेक्टर ने ऊंटनी के दूध की औषधीय उपयोगिता को देखते हुए कहा कि केन्द्र इन गतिविधियों को सतत रूप से जारी रखें, जिससे ऊंट प्रजाति के संरक्षण व विकास के साथ उष्ट्र पालकों के सामाजिक और आर्थिक स्तर सकारात्मक सुधार किया जा सके।

- **ऊंटनी के दूध से बनी कुल्फी व लस्सी का स्वाद चखा व डेयरी इकाई में कैमल मिल्किंग की**

कलेक्टर ने उष्ट्र संग्रहालय, उष्ट्र डेयरी, डेयरी प्रौद्योगिकी एवं प्रसंस्करण इकाई, कैमल मिल्क पार्लर, कैमल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आदि का अवलोकन किया। उष्ट्र पर्यटन गतिविधियां एनआरसीसी में आयोजित होने व उष्ट्र उत्पादों के निर्माण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने डेयरी इकाई में कैमल मिल्किंग की तथा ऊंटनी के दूध से बनी कुल्फी व लस्सी का स्वाद चखा।

इस अवसर पर केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राकेश रंजन, वैज्ञानिक डॉ. शांतनु रक्षित व पशु चिकित्सक डॉ. काशीनाथ आदि मौजूद थे।

बीकानेर बॉयज स्कूल में जेम्स थॉमस के जन्म दिवस के मौके पर स्मरण सभा और एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक बीकानेर तेजस्विनी गौतम और मेजर जेम्स थॉमस के परिजनों ने शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई।

विद्यालय मैनेजर फादर साजू ने साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## पर्युषण महापर्व का सातवां दिवस ध्यान दिवस के रूप में मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर के तत्वावधान में तेरापंथ भवन में साध्वी चरितार्थ प्रभा एवं साध्वी प्रांजल प्रभा के सान्निध्य में शनिवार को पर्युषण महापर्व का सातवां दिवस ध्यान दिवस के रूप में मनाया गया।

साध्वी चरितार्थ प्रभा ने कहा कि दुनिया में कुछ लोग जागते हुए भी सोते है और कुछ लोग सोते हुए भी जागते है। कुमार वर्धमान की भीतर की चेतना जागृत थी भोग और एश्वर्य उनके पीछे पीछे चल रहे थे। लेकिन भगवान की आत्मा सांसारिक सुखों को छोड़कर साधु जीवन जीने को तड़प रही थी। उनका संकल्प था की जब तक माता पिता की जीवत अवस्था में है तब तक मैं दीक्षा नहीं लुंगा। वो किसी की आत्मा को दुख नहीं पहुंचाना चाहते थे।

भगवान महावीर ने भाई और चाचा सुपार्श्व से दीक्षा की अनुमति मांगी। भाई ने कहां कि अभी तो माता-पिता का देहांत हुआ है। दो वर्ष घर में रहकर ही साधना करनी चाहिए। इन दो वर्षों में सत्य अहिंसा और ब्रह्मचर्य की साधना की। भगवान महावीर की साधना काल के प्रथम दिन से ही परिषह का सामना करना पड़ना शुरू हो गया। ध्यान करने से शरीर की सभी कामनाएं शान्त हो जाती है ध्यान चिकित्सा का माध्यम है तो कर्म निर्जरा का भी महत्वपूर्ण साधन है। भगवान महावीर के ने खड़े खड़े पद्मासन मुद्रा में ध्यान किया। भगवान महावीर के परिषह इतने आये जितने 23 तीर्थंकरों के मिलकर भी नहीं आये। छोटे से जीवन काल में भगवान महावीर ने अनेक कष्ट सहे।


पर्युषण महापर्व पर साध्वी चरितार्थ प्रभा ने तेरापंथ भवन में कार्यक्रम को संबोधित किया।